खास-खबरें

नेमावर नर्मदा घाट की सुरक्षा व्यवस्था पर कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

नईदुनिया, प्रतिनिधि, देवासः कलेक्टर ऋतु राज सिंह और पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने शनिवार को नेमावर स्थित नर्मदा घाट का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने घाट पर मौजूद व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने होमगार्ड कर्मचारियों से आपात स्थिति में कार्रवाई और बचाव दल के प्रतिक्रिया समय की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में अधिकतम एक मिनट के भीतर बचाव कार्य शुरू हो जाना चाहिए, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान उन्होंने लाइफ जैकेट की गुणवत्ता भी जांची।

नेत्रहीन शिक्षक गोपाल दत्ता समाज के लिए प्रेरणा : राय

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः जब जिंदगी में अंधेरा छा जाए, तब दूसरों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाना सबसे बड़ा त्याग और सेवा है। शिक्षक गोपाल दत्ताजी की जीवन यात्रा हम सभी के लिए एक महान प्रेरणापुंज है, जिन्होंने साबित कर दिया कि परिस्थितियां शरीर को सीमित कर सकती हैं, लेकिन अटूट संकल्प और हौसले को नहीं।

ये बात पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने शिक्षक दिवस के अवसर कही। पूर्व नपा अध्यक्ष राय ने बढियाखेड़ी स्थित शासकीय स्कूल में आंखों की रोशनी खोने के बाद भी पूरी निष्ठा से बच्चों का भविष्य संवार रहे शिक्षक गोपाल दत्ता को विशेष रूप से सम्मानित किया। राकेश राय ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के आगे घुटने टेकने के बजाय अपनी मेहनत से समाज को नई दिशा देने वाले शिक्षक ही सही मायने में राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं।

बढियाखेड़ी स्कूल में दे रहे हैं सेवाएं: बता दें गोपाल दत्ता शहर के बढियाखेड़ी माध्यमिक स्कूल में प्राथमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

श्रीकृष्ण की लीलाओं से सजा शबरी कन्या परिसर

नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा,: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर लाड़कुई में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं का मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुधीर कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने छात्राओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उइके, जनजातीय कार्य विभाग के मंडल संयोजक अर्जुन सिंह सोलंकी, सरपंच रूप सिंह वनबारी सहित विद्यालय परिसर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरजेश गहलोत ने किया और सुनील कुमार मालवीय ने आभार व्यक्त किया। इसके बाद एसडीएम ने राजा शंकर रघुनाथ शाह जनजातीय बालक छात्रावास और रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर वहां आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में भी सहभागिता की।

पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल का जन्मदिन मनाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह पटेल गड़रवास का जन्मदिन शनिवार को उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। उनके बरेली स्थित निवास पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में समर्थक, कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी पहुंचे। दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में देवेंद्र पटेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। उदयपुरा, देवरी, बरेली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया और स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

बरसता पानी और सिस्टम की बेरुखी भी नहीं डिगा पाई अन्नदाताओं का हौसला

शाजापुर में किसानों का धरना पांचवें दिन भी जारी, सोमवार को निकलेगी बीमा कंपनी की अर्थी

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः लगातार हो रही बारिश और जिम्मेदारों की घोर अनदेखी दोनों ही शाजापुर के किसानों का संकल्प नहीं तोड़ पाए हैं। यही कारण है। कि भारतीय किसान संघ तहसील शाजापुर के बैनर तले चल रहा किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को पांचवें दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रहा। किसानों ने हुंकार भरी है कि यदि उनकी जायज मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो आने वाले समय में जिले की सड़कों पर उग्र आंदोलन और चक्काजाम देखने को मिलेगा।

प्रशासनिक और राजनीतिक उपेक्षा से भारी नाराजगी: वर्तमान में सोयाबीन की फसल पीला मोजेक और अफलन जैसी बीमारियों की चपेट में है, वहीं खरीफ 2025 की बीमा दावा राशि का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। इन्हीं मुद्दों को लेकर

सैकड़ों किसान धरने पर डटे हैं। किसान संघ ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी किसी प्रशासनिक अधिकारी या सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि ने धरना स्थल पर आकर किसानों का दर्द जानने की जहमत नहीं उठाई। इस कुंभकर्णी नींद को तोड़ने के लिए किसान संघ ने सोमवार को तहसील स्तर पर बीमा कंपनी की अर्थी निकालने का ऐलान किया है। किसान संघ के जिला मंत्री ने मुकेश पाटीदार ने बताया कि भारतीय किसान संघ की मांग है कि खरीफ सीजन 2025 में हुए नुकसान को 100 प्रतिशत मानकर किए गए सर्वे को ही आधार बनाया जाए, क्रॉप कटिंग के माध्यम से प्रत्येक किसान को 45,000 रुपये के मान से बीमा राशि का अविलंब भुगतान किया जाए।

आंदोलन के बीच संगठन हुआ मजबूत, नई कार्यकारिणी गठितः धरना स्थल पर ही किसान संघ ने अपनी ताकत बढ़ाते हुए नई ग्राम इकाइयों का गठन किया है। सर्वसम्मति से लाखन सिंह गुर्जर ग्राम नारायणगांव को अध्यक्ष और भगवान सिंह नायक को मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं अशोक सोलिया को सर्वसम्मति से भरड़ ग्राम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस मौके पर कोषाध्यक्ष ललित, जिला प्रचार प्रमुख भारत नाहर, तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, तहसील मंत्री ज्ञान सिंह गुर्जर, तहसील उपाध्यक्ष विक्रम सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह राजपूत, हिम्मत सिंह राजपूत, जितेंद्र पाटीदार, दिलीप प्रजापत, दिनेश मंडलोई, सत्यनारायण सिरोलिया और बालकृष्ण सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

40 फीट ऊंची माखन मटकी फोड़ने जुटेंगी बाल गोपालों की टीमें

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रायसेन के महामाया चौक पर रविवार को माखन मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में शहर और आसपास के क्षेत्रों की 12 से अधिक बाल गोपालों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन दोपहर एक बजे शुरू होकर देर शाम तक चलेगा।

प्रतियोगिता के लिए महामाया चौक पर करीब 40 फीट की ऊंचाई पर माखन मटकी टांगी गई है। समिति अध्यक्ष रवि खत्री सहित अन्य सदस्यों ने इसकी तैयारियां पूरी कीं। मटकी तक पहुंचने के लिए प्रतिभागी टीमें मानव पिरामिड बनाकर अपनी ताकत, संतुलन और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगी। प्रत्येक टीम को मटकी फोड़ने के लिए पांच मिनट का समय दिया जाएगा।

आयोजकों के अनुसार, सबसे पहले मटकी फोड़ने वाली टीम को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार को लेकर प्रतिभागी टीमों में खासा उत्साह है। महामाया चौक पर यह प्रतियोगिता कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। पिछले वर्षों में रमसिया की टीम लगातार मटकी फोड़कर विजेता रही है और इस बार भी टीम खिताब बचाने के लिए मैदान में उतरेगी। श्री हिंदू उत्सव समिति ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर पीथमपुर का शानदार प्रदर्शन

नईदुनिया प्रतिनिधि, पीथमपुरः ग्राम भारती शिक्षा समिति इंदौर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर पीथमपुर के भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की बहनों की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता टीम में काजल मोहनिया, चाहत विश्वकर्मा, दीपिका राणा, सिमरन चौहान, श्वेता यादव, अंजलि परमार और साक्षी चौहान शामिल रहीं। सभी खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और खेल कौशल का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

एकल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के प्रतिभागियों ने सफलता प्राप्त की। शिशु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कृष्णा हटिला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बाल वर्ग की लंबी कूद प्रतियोगिता में नैतिक राजपूत ने दूसरा स्थान हासिल किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कविता पांडे सहित सहायक आचार्य श्रीमती कविता कड़वे, श्रीमती मंजू परमार और श्रीमती मधु बरखने उपस्थित रहीं। समिति के पदाधिकारियों और विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी भैया-बहनों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिले के 3 विकासखण्डों की गौशालाओं को करोड़ों रु. की राशि जारी हुई

विदिशा। विदिशा विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए शासकीय-अशासकीय 17 गौशालाओं को कुल 4 करोड़ 7 लाख 5 हजार 820 रु. की राशि जारी की गई है। वहीं बासौदा विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए 23 शासकीय-अशासकीय गौशालाओं को कुल 5 करोड़ 51 लाख 59 हजार 108 रु. की राशि जारी की गई है। उधर, कुरवाई विकासखंड में निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण व बेहतर देखभाल के लिए शासकीय-अशासकीय 20 गौशालाओं को कुल 4 करोड़ 22 लाख 55 हजार 960 रु. की राशि जारी की गई है। मुख्य उद्देश्य निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण तथा बेहतर देखभाल को सुनिश्चित करना है तथा गौवंश को चारा, भूसा और दाना उपलब्ध कराना, ताकि गौवंश को पर्याप्त आहार मिल सके। पानी, शेड और अन्य बुनियादी सुविधाओं का रखरखाव करना भी इसका मुख्यतम उद्देश्य है।

वरिष्ठों के अनुभव से सीखें युवा अधिवक्ता, डिजिटल व्यवस्था में दक्ष बनना जरूरी : न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबसौदाः नवीन न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ द्वारा आयोजित अतिरिक्त अधिवक्ता कक्ष के भूमि पूजन एवं अधिवक्ता सम्मान समारोह में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने युवा अधिवक्ताओं को वरिष्ठों के अनुभव से सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि केवल पुस्तकों का अध्ययन पर्याप्त नहीं है, व्यावहारिक ज्ञान और वरिष्ठ अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन भी सफलता के लिए आवश्यक है।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है तथा आने वाले समय में न्यायालयों की व्यवस्था तेजी से पेपरलेस होगी। ऐसे में अधिवक्ताओं को तकनीकी और डिजिटल प्रणाली में दक्षता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश ने कोविड काल में न्यायिक व्यवस्था के डिजिटलीकरण और वर्चुअल माध्यम से लोगों तक सुलभ न्याय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं से चुनौतियों से घबराने के बजाय निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही न्यायालय परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त अभिभाषक कक्ष का भूमि पूजन किया गया। नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं पूर्व अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डीडी बंसल, मिलिंद रमेश फड़के, आनंद सिंह बहरावत, अजय कुमार निरंकारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा शेख सलीम तथा राज्य अधिवक्ता परिषद सदस्य जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विधिक साक्षरता गीत और नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में न्यायाधीश, अधिवक्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस पर नपा ने 29 शिक्षकों व 8 मेधावियों को नवाजा, एक्सीलेंस कॉलेज में एनएसएस ने किया गुरु वंदन

नईदुनिया प्रतिनिधि,शाजापुर :समाज को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाले गुरुओं के सम्मान में शनिवार को पूरा शाजापुर शहर कृतज्ञ नजर आया। शिक्षक दिवस पर जिलेभर में जहां एक ओर विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं में विविध आयोजन हुए, वहीं शहर के प्रमुख मंचों से भी राष्ट्र निर्माताओं का शॉल, श्रीफल और तिलक लगाकर वंदन किया गया। एक तरफ नगर पालिका परिषद ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व होनहार विद्यार्थियों का गौरव बढ़ाया, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवाओं ने गुरु-शिष्य परंपरा की शानदार मिसाल पेश करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

नगर पालिका परिषद द्वारा नपा सभाकक्ष में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 29 शिक्षक-शिक्षिकाओं और कक्षा

10वीं तथा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शहर में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले 8 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को शॉल, श्रीफल और मां राजराजेश्वरी की तस्वीर भेंट कर उनके प्रति सम्मान ज्ञापित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल किताबी शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि सुसंस्कार देकर उनके भविष्य को एक सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों का सार्वजनिक सम्मान करने से उनका हौसला और आत्मविश्वास कई गुना बढ़ता है। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, शहर के गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद रहे। दूसरी ओर, गुरु-शिष्य परंपरा की भावना को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

वाचनालय पाठक संघ ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

गंजबासौदा। शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा शिक्षक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। इस अवसर पर शिक्षकों के योगदान और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षा एवं दर्शन के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया गया। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सुनील बाबू पिंगले ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय दर्शन के प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद और राजनेता थे। उन्होंने देश के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। शिक्षा और दर्शन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश नामदेव ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और जीवन को सही दिशा देने का कार्य भी करता है।

एक लाख के इनाम के लिए भिड़ेंगी एक दर्जन टीमें, सिद्धपुर में गूंजेगा कान्हा का जयघोष

नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रविवार 6 सितंबर की शाम सिद्धपुर में प्रादेशिक सनातनी मटकी फोड़ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य बस स्टैंड परिसर में शाम 5 बजे शुरू होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से करीब एक दर्जन टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

महोत्सव में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मौजूदगी श्रद्धालुओं के उत्साह को बढ़ाएगी। वहीं 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान' गीत से देशभर में लोकप्रिय हुए सागर जिले के कलाकार सुनील लोधी भी विशेष रूप से शामिल होंगे। वे आयोजन में पहुंचकर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रतियोगिता में भोपाल, बैरसिया, मैना, आमाझिर, रातीबड़ और सीहोर सहित प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों की टीमें अपनी ताकत, संतुलन और आपसी तालमेल का प्रदर्शन करेंगी। सीहोर नगर की ग्वालटोली टीम भी पहली बार इतने बड़े मटकी फोड़ आयोजन में भाग लेगी। प्रतियोगिता को लेकर युवा प्रतिभागी लगातार अभ्यास में जुटे हुए हैं। इस बार आयोजन का विशेष आकर्षण महिला टीम की भागीदारी रहेगी। पहली बार महिलाएं भी मैदान में उतरकर मटकी फोड़ प्रतियोगिता में अपने साहस और सामूहिक तालमेल का प्रदर्शन करेंगी।

आयोजन समिति मुख्य बस स्टैंड परिसर को आकर्षक सजावट के साथ मिनी वृंदावन धाम का स्वरूप देने में जुटी है। भक्ति गीतों और जयकारों के बीच पूरा वातावरण कृष्णमय रहेगा।

बजरंग दल के प्रांत टोली सदस्य विवेक राठौर और नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बारिश के बावजूद आयोजन को लेकर उत्साह बरकरार है। समिति ने धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित पहुंचकर इस भक्ति और रोमांच से भरे आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है।

भस्म आरती में सजे बाबा महाकाल, चंदन भांग और आभूषणों से हुआ दिव्य श्रृंगार

नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार तड़के भगवान महाकाल की भस्म आरती विधि-विधान और विशेष श्रृंगार के साथ संपन्न हुई। मंदिर के पट सुबह करीब चार बजे खुले। इसके बाद गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया गया। पंचामृत पूजन में दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से भगवान महाकाल का अभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम का जल अर्पित किया गया और मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन की प्रक्रिया आगे बढ़ी।

भस्म आरती से पहले भगवान महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा को चंदन का

लेप, भांग, बिल्वपत्र, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की मालाएं अर्पित की गईं। मस्तक पर त्रिपुंड और त्रिशूल के साथ डमरू एवं शेषनाग का रजत मुकुट धारण कराया गया। इसके साथ रजत , रजत की मुंडमाल और अन्य रजत आभूषणों से भगवान का अलंकरण किया गया।

भस्म अर्पित कर संपन्न हुई आरती

कपूर आरती और नैवेद्य अर्पण के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढंककर विधि-विधान से भस्म अर्पित की गई। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से भी भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। धार्मिक मान्यता है कि भस्म अर्पण के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। इसके बाद भगवान गणेश, माता पार्वती और भगवान कार्तिकेय का पूजन कर महाकाल को फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन के साथ नंदी महाराज के भी दर्शन किए।

स्पेशल खबर शाजापुर में अभियान चला रहे विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने फैसले का किया स्वागत, कहा- यह हमारे अथक प्रयासों की जीत है

बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मान्यता

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए भारत में चल रहे अभियानों को एक बड़ी वैश्विक सफलता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित करते हुए 27 नवंबर को 'बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित किया है। शाजापुर जिले में बाल विवाह के खिलाफ जमीनी स्तर पर काम कर रही संस्था विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक समाज संगठनों के लिए गर्व का विषय बताया है। यह संस्था देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का एक सहयोगी संगठन है, जो लंबे समय से वैश्विक स्तर पर इस दिवस को घोषित करने की मांग कर रहा था।

कानून के साथ जन-जागरूकता पर जोरः शाजापुर में संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन की मदद से जिले में कानूनी

हस्तक्षेप कर कई बाल विवाह रुकवाए गए हैं। हालांकि, सिर्फ कानून से पूरी रोकथाम संभव नहीं है। इसलिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शपथ दिलाई जा रही है। बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। साथ ही पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का दोबारा स्कूलों में दाखिला कराया गया है। धर्मगुरुओं और शिक्षकों को मुहिम से जोड़कर इसे एक वास्तविक जन-अभियान का रूप दिया गया है, जिसकी गूंज अब संयुक्त राष्ट्र तक सुनाई दे रही है।

भारत से उठी आवाज बनी दुनिया का संकल्प

शिक्षक दिवस पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के निदेशक श्रीराम रघुवंशी ने कहा कि भारत की पहल अब पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 27 नवंबर की तारीख चुनना भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि 2024 में इसी दिन भारत सरकार ने जेआरसी जैसे संगठनों के साथ मिलकर 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की थी। रघुवंशी ने कहा कि यह जश्न मनाने का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का क्षण है। जब तक जिले के किसी भी गांव का एक भी बच्चा बाल विवाह के डर में जी रहा है, तब तक हमारी लड़ाई अधूरी है।